सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए खोदी गई सडकों की मरम्मत नहीं किए जाने पर

# सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के खिलाफ शिकायत, कार्यवाही की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए पूरे शहर की सडकें खोद दी गई, लेकिन अनुबन्ध की शर्तों के मुताबिक सीवरेज कंपनी द्वारा सडकों का रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा है। सडकों की मरम्मत का काम सीवरेज कंपनी को करना है, लेकिन निगमायुक्त द्वारा सडकों की मरम्मत के लिए एक करोड से अधिक के टेण्डर निकाल दिए गए है। सडकों की मरम्मत नहीं होने को लेकर सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त की शिकायत की गई है।

कलेक्टर की जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायत में शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कहा है कि सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए कंपनी से किए गए अनुबन्ध की शर्त क्र. 7.1 और 7.2 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि सीवरेज कार्य के लिए खोदी गई सडक का रेस्टोरेशन कंपनी को ही करना है। इतना ही नहीं कंपनी को सडक को उसी स्थिति में वापस लाना है, जैसी कि वह खुदाई से पहले थी। शर्त क्र.7.2 में स्पष्ट उल्लेख है कि सडक की खुदाई एक बार में 250 मीटर की लम्बाई में की जाएगी और खोदी गई ढाई सौ मीटर का कार्य पूरा होने के बाद ही आगे खुदाई की जाएगी। लेकिन सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी इन दोनों शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि कंपनी द्वारा शर्तों का पालन नहीं किए जाने की दशा में निगमायुक्त को कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, लेकिन निगमायुक्त ने कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। उलटे सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड रु. से अधिक के टेण्डर निकाल दिए है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के बीच दुरभिसन्धि है, जिसकी वजह से निगमायुक्त कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है और पूरा शहर गड्ढो और धूल से परेशान है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि सीवरेज कंपनी ने कस्तुरबा नगर मेनरोड, लोहार रोड, चांदनीचोक होते हुए त्रिपोलिया गेट, चमारिया नाके से हरमाला रोड, बाजना बस स्टैण्ड जैसी कई सडकों को शर्तों के विपरित ढाई सौ मीटर से अधिक खोदा और इसके बाद रेस्टोरेशन भी ठीक से नहीं किया। डामर की सडकों पर घटिया क्वालिटी के सीमेन्ट कांक्रीट से रेस्टोरेशन किया गया,जो बारिश में बह गया। जबकि डामर रोड पर डामर से ही रेस्टोरेशन किया जाना था।

शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मांग की है कि शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सड़को का पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से आडिट करवाया जाए और निगमायुक्त व सीवरेज कंपनी के विरुद्ध जांच कर कडी कार्यवाही की जाए। साथ ही सीवरेज कंपनी से शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सकों का रेस्टोरेशन करवाया जाए जिससे कि नागरिकों को गड्ढों और धूल की समस्या से निजात मिल सके।

अवन्तिका।

अवन्तिका 27/10/21

# कचरे का होगा 100 प्रतिशत निष्पादन निष्पादन की डीपीआर पर की चर्चा

स्वदेश

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु शहर से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 1 मिट्रिक टन कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर 100 प्रतिशत निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किये जाने हेतु तैयार की जा रही डीपीआर का प्रेजेन्टेशन सिविक सेंटर स्थित एसबीएम सेल में दिया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया बताया कि शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का 100 प्रतिशत निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किये जाने हेतु प्लांट लगाये जाने हेतु डीपीआर तैयार की जा रही है जिसके तहत गीले कचरे से खाद बनाई जायेगी। सूखे कचरे के निष्पादन हेतु एमआरएफ/आरडीए का निर्माण कराया जाकर अनुपयोगी कचरे का निष्पादन भी वैज्ञानिक तरीके से लैण्डफील का निर्माण कर किया जायेगा। 100 प्रतिशत कचरे का निष्पादन होने पर रतलाम शहर पूर्णतः कचरा मुक्त होकर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होगा। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, इंदौर से मोहित मोहनवानी, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 27/10/21

# 97 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को 97 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 40610, ट्रैक्टर-ट्राली से 7575, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20770, काम्पेक्टर गीला कचरा 28958 कुल 97913 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 27/10/21

# शहर से निकलने वाले कचरे का होगा 100 प्रतिशत निष्पादन, कचरा निष्पादन की डीपीआर पर हुई चर्चा



इन्दौर

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु शहर से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 1 मिट्रिक टन कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर 100 प्रतिशत निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किये जाने हेतु तैयार की जा रही डीपीआर का प्रेजेन्टेशन सिविक सेंटर स्थित एसबीएम सेल में दिया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया बताया कि शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का 100 प्रतिशत निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किये जाने हेतु प्लांट लगाये जाने हेतु डीपीआर तैयार की जा रही है जिसके तहत गीले कचरे से खाद बनाई जायेगी। सूखे कचरे के निष्पादन हेतु एमआरएफ/आरडीए का निर्माण कराया जाकर अनुपयोगी कचरे का निश्पादन भी वैज्ञानिक तरीके से लैण्डफील का निर्माण कर किया जायेगा। 100 प्रतिशत कचरे का निष्पादन होने पर रतलाम शहर पूर्णतः कचरा मुक्त होकर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होगा। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, इंदौर से मोहित मोहनवानी, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार 27/10/21

## पोलो ग्राउंड पर नहीं सजेगी पटाखा दुकाने, केवल त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर होगा पटाखों का विक्रय

रतलाम। हर साल दिवाली के पहले पोलो ग्राउंड पर लगने वाली पटाखा दुकाने इस बार नहीं लगेगी। शहर में पिछले दिनों हुई अग्रजनी की घटनाओ के बाद प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। अब पटाखों की दुकाने केवल त्रिवेणी और बरबड़ के मैदानों में ही लगेगी।

गत वर्ष शहर में पटाखा विक्रय की 182 दुकानें लगी थी जो उक्त तीन स्थानों पर थी मगर इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित की जाएगी। इनमें बरबड मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकाने लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में विगत दिनों आगजनी की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है शहर में ज्वलनशील पदार्थ का विक्रय ना हो, इस दृष्टि से अनुविभागीय अधिकारी रतलाम श्री अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे किया गया था। इस सर्वे में 50 से अधिक



व्यवसायियों अथवा स्थानों को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें उक्त सामग्री को हटाने हेतु निर्देशित किया गया है। 15 दिन में विक्रेता द्वारा उक्त सामग्री वहां से नहीं हटाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

[illegible] 27/10/21

## पोलोग्राउंड पर दीपक विक्रेताओं का लगेगा हाट बाजार

### दीपावली पर घरों में करें प्राकृतिक सजावट

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

दीपावली पर इस बार अपने घरों में प्राकृतिक चीजों से ही सज्जा करें। यह अभियान सोशल मीडिया के साथ कई समाजसेवी भी चला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल आह्वान के तहत रतलाम में मिट्टी दीपक और अन्य कलाकृतियों की बिक्री के लिए सुविधा दी जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं। कलेक्टर ने इस स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### प्राकृतिक पौधों, कॉटन-जूट की भी मांग बढ़ी

शहर के व्यवसायी बताते हैं कि पहले की अपेक्षा दीपावली पर प्राकृतिक पौधों की खरीदी बढ़ी है। शहर के मध्य स्थित दो अस्थायी नर्सरी के साथ ही सेजावता, डोसीगांव, शिवगढ़ नर्सरी से भी लोग सजावटी पौधों की खरीदी कर रहे हैं। इनमें ऐसे पौधे खासतौर पर लिए जा रहे हैं जो कमरों के अंदर, खिड़कियों पर, दरवाजे पर बेलों के रूप में, छत पर लटकते हुए लगाए जा सकते है। इनसे सजावट के साथ प्राकृतिक सुगंध, हरियाली, ऑक्सीजन भी मिलता है।

दबंग दुनिया 27/10/21

## वोकल फॉर लोकलः रतलाम में माटी के दीपक विक्रेताओं को पोलोग्राउंड में दीपक विक्रय की सुविधा

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' आह्वान के तहत रतलाम जिला मुख्यालय पर माटी के दीपक विक्रेताओं के लिए दीपक विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

इन्दौर समाचार 27/10/21

## माटी के दीपक विक्रेताओं को पोलोग्राउंड में दीपक विक्रय की सुविधा, कलेक्टर ने दिए निर्देश

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल आह्वान के तहत रतलाम जिला मुख्यालय पर माटी के दीपक विक्रेताओं के लिए दीपक विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

नवभारत 27/10/21

इनकी कैसे मनेगी दीपावली

# भेदभाव : शहर में मिट्टी के दीपक बिक्री में एक को सुविधा, दूसरों की हो रही दुविधा

पत्रिका अभियान

**दीप पर्व पर मिले राहत**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. दीपावली पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल की अपील की है। इस मामले में दो नियम जिले में देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ सड़क पर बैठकर जो लोग मिट्टी के दीपक की बिक्री करते है उनसे प्रतिदिन 10 रुपए की रसीद निगम बना रहा है, दूसरी तरफ कलेक्टर ने सिर्फ नेहरू स्टेडियम के करीब दीपोत्सव के पांच दिन दीपक बिक्री करेंगे उनको शुल्क से छूट की घोषणा है। बड़ी बात यह है संभाग में मंदसौर व शाजापुर कलेक्टर ने मिट्टी के दीपक सड़क पर बैठकर बिक्री करने वालों को छूट दे दी है।

प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल आह्वान के अंगर्तत शहर में माटी के दीपक बिक्री करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## इधर देना होगा शुल्क

इधर शहर में दीपक की खरीदी शुरू हो गई है। शहर के माणकचौक, राममंदिर, दो बत्ती, स्टेडियम रोड, टीआईटी रोड, पैलेस रोड सहित कई स्थान पर कुम्हार मिट्टी के दीपक लेकर आ गए हैं। इनसे प्रतिदिन के 10 रुपए का शुल्क नगर निगम ले रही है। जबकि दो वर्ष से नगर निगम ने इस प्रकार की राशि को माफ कर दिया था।

## अन्य जिले पहले की कर चुके

संभाग के शाजापुर व मंदसौर के अलावा मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में पहले ही इस प्रकार के लगने वाले शुल्क को स्थानीय कलेक्टर निरस्त कर चुके हैं। बता दे कि सोमवार को ही कुम्हार ऐसोसिएशन ने इस मामले में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया था। इसके बाद पीएम की अपील पर मात्र एक स्थान के लिए छूट दी गई है। वो भी धनतेरस से तब जबकि शहर में एक बड़ा वर्ग दीपक की खरीदी कर चुका होगा।

पूर्व के वर्षों में छूट दी गई थी यह सही है। इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करके निर्णय लिया जाएगा।
- **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 27/10/21

---

वोकल फॉर लोकल

# नेहरू स्टेडियम में दिवाली के पांच दिन तक फ्री दुकान लगा सकेंगे

## दीपक विक्रेताओं के लिए बना रहे हैं प्लेटफॉर्म

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पीएम नरेंद्र मोदी की राह पर वोकल फॉर लोकल पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को मिट्टी के दीपक बेचने वालों के पक्ष में निर्णय लिया।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के नेहरू स्टेडियम परिसर में मिट्टी के दीपक विक्रेता अपना कारोबार कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक का व्यापार कर सकते हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम नें मंगलवार को अधिकारियों को नेहरु स्टेडियम में उनके लिए व्यवस्था करने को निर्देशित किया है।

### इस बार स्वदेशी लाइटिंग

दीपावली पर जगमग के लिए घरों के बाहर लगने वाली सीरीज, बल्ब आदि का बाजार सज चुका है। अच्छी बात ये हैं कि इस साल बाजार में चाइनीज मार्केट का कोई जोर नहीं है। ज्यादातर दुकानदारों ने दुकानों पर इंडियन सिरीज और बल्ब रखे हैं। लोकेंद्र टॉकीज के व्यापारी प्रकाश शिवानी ने बताया उनकी दुकान पर ज्यादातर इंडियन सिरीज ही है। चाइनीज की डिमांड करने वाले ग्राहक ही अब कम हो चुके हैं। इधर, इंडियन मार्केट ने बाजार पर अपना कब्जा जमाया था, जो शाइनिंग पहले चाइना की लाइट में मिलती थी, वह अब इंडियन लाइट में आसानी से देख सकते हैं, लोग भी इंडियन सिरीज दिखाने का कहते हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 27/10/21

---

# पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही लगेगी

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि आगामी दीपावली पर्व से पूर्व शहर में लगने वाली पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही आयोजित स्थापित की जाए। अंबेडकर भवन पोलो ग्राउंड के समीप इस वर्ष पटाखा विक्रय की दुकानें नहीं लगाई जाएगी। गत वर्ष शहर में पटाखा विक्रय की 182 दुकानें लगी थी जो उक्त तीन स्थानों पर थी मगर इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित की जाएगी। इनमें बरबड मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकाने लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में विगत दिनों आगजनी की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ज़िला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है शहर में ज्वलनशील पदार्थ का विक्रय ना हो, इस दृष्टि से अनुविभागीय अधिकारी रतलाम श्री अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे किया गया था। इस सर्वे में 50 से अधिक व्यवसायियों अथवा स्थानों को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें उक्त सामग्री को हटाने हेतु निर्देशित किया गया है। 15 दिन में विक्रेता द्वारा उक्त सामग्री वहां से नहीं हटाने पर दंडात्मक कार्यवाई की जाएगी।

**आरोपी जिला बदर-रतलाम** । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण एक आरोपी को जिलाबदर करने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा अंतर्गत ग्राम भीमाखेडी निवासी बंकट पिता नरसिंह बागरी को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क व ख के अधीन प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए बंकट पिता नरसिंह बागरी को जिलाबदर करने के निर्देश जारी किए हैं। आरोपी जिला बदर अवधि में रतलाम जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती उज्जैन, आगर, धार, झाबुआ तथा मंदसौर जिले की राजस्व सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

स्वदेश

# सड़कों की मरम्मत नहीं किए जाने पर सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के खिलाफ की शिकायत

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**



सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए पूरे शहर की सड़कें खोद दी गई, लेकिन अनुबन्ध की शर्तों के मुताबिक सीवरेज कंपनी द्वारा सड़कों का रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा है। सड़कों की मरम्मत का काम सीवरेज कंपनी को करना है, लेकिन निगमायुक्त द्वारा सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड से अधिक के टेण्डर निकाल दिए गए है। सड़कों की मरम्मत नहीं होने को लेकर सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त की शिकायत की गई है।

कलेक्टर की जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायत में शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कहा है कि सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए कंपनी से किए गए अनुबन्ध की शर्त क्र. 7.1 और 7.2 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि सीवरेज कार्य के लिए खोदी गई सडक का रेस्टोरेशन कंपनी को ही करना है। इतना ही नहीं कंपनी को सडक को उसी स्थिति में वापस लाना है, जैसी कि वह खुदाई से पहले थी। शर्त क्र.7.2 में स्पष्ट उल्लेख है कि सडक की खुदाई एक बार में 250 मीटर की लम्बाई में की जाएगी और खोदी गई ढाई सौ मीटर का कार्य पूरा होने के बाद ही आगे खुदाई की जाएगी, लेकिन सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी इन दोनों शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि कंपनी द्वारा शर्तों का पालन नहीं किए जाने की दशा में निगमायुक्त को कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, लेकिन निगमायुक्त ने कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। उलटे सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड रु. से अधिक के टेण्डर निकाल दिए है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के बीच दुरभिसन्धि है, जिसकी वजह से निगमायुक्त कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है और पूरा शहर गड्ढे और धूल से परेशान है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि सीवरेज कंपनी ने कस्तुरबा नगर मेनरोड, लोहार रोड, चांदनीचोक होते हुए त्रिपोलिया गेट, चमारिया नाके से हरमाला रोड, बाजना बस स्टैण्ड जैसी कई सडकों को शर्तों के विपरित ढाई सौ मीटर से अधिक खोदा और इसके बाद रेस्टोरेशन भी ठीक से नहीं किया। डामर की सडकों पर घटिया क्वालिटी के सीमेन्ट कांक्रीट से रेस्टोरेशन किया गया,जो बारिश में बह गया। जबकि डामर रोड पर डामर से ही रेस्टोरेशन किया जाना था।

शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मांग की है कि शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सड़कों का पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से आडिट करवाया जाए और निगमायुक्त व सीवरेज कंपनी के विरुद्ध जांच कर कडी कार्यवाही की जाए। साथ ही सीवरेज कंपनी से शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सड़कों का रेस्टोरेशन करवाया जाए, जिससे नागरिकों को गड्ढों और धूल की समस्या से निजात मिल सके। • प्रसा०

प्रसारण 27/10/21

# पोलोग्राउंड में बिकेंगे माटी के दीए

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के तहत जिला मुख्यालय पर माटी के दीपक विक्रेताओं के लिए दीपक विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

राज एक्सप्रेस 27/10/21

# वोकल फॉर लोकलः रतलाम में माटी के दीपक विक्रेताओं को पोलोग्राउंड में दीपक विक्रय की सुविधा

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' आह्वान के तहत रतलाम जिला मुख्यालय पर माटी के दीपक विक्रेताओं के लिए दीपक विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

प्रसारण 27/10/21

# दी गई माटी के दीपक विक्रेताओं को सुविधा

रतलाम ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल आह्वान के तहत जिला मुख्यालय पर माटी के दीपक विक्रेताओं के लिए दीपक विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाई दूज तक 5 दिन शहर के पोलो ग्राउंड परिसर में माटी के दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परिसर में जितने विक्रेता चाहे अपना दीपक विक्रय का व्यवसाय कर सकते हैं।

स्वदेश 27/10/21

# सीवरेज प्रोजेक्ट में कंपनी ने नहीं की सड़कों की मरम्मत

रतलाम। शहर में सीवरेज प्रोजेक्ट निर्माण कंपनी द्वारा सीवरेज लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत तय अनुबंध अनुसार नहीं की गई है। खोदाई में खराब हुई सड़कों का रिस्टोरेशन मानक अनुसार नहीं करने से पूरे शहर में लोग परेशान है। खराब सड़कों का आडिट लोक निर्माण विभाग की टीम से करवाकर कंपनी पर कार्रवाई की मांग कलेक्टर को शिकायत कर की गई है। मेहता जी का वास निवासी अभिभाषक देवेंद्र सिराधना द्वारा की गई शिकायत में बताया गया कि शहर में कस्तूरबा नगर, इंदिरा नगर मेन रोड, चांदनीचौक, हरमाला रोड आदि क्षेत्र में सीवरेज लाइन के लिए गहरी खोदाई के बाद रिस्टोरेशन ठीक से नहीं किया गया। निम्न गुणवत्ता के डामरीकरण से बारिश में सड़कें खराब हो गई। शहर की करीब 70 प्रतिशत सड़कें खराब हो चुकी है। कंपनी से नियमानुसार सड़कों का निर्माण कराने की बजाए निगम द्वारा एक करोड़ की लागत से पेचवर्क कराया जा रहा है। कंपनी की जांच कर तय मापदंड अनुसार मरम्मत करवाई जाए।

नईदुनिया 27/10/21

# फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले पहुंचे जनसुनवाई में



रतलाम। शहर के दो बत्ती क्षेत्र में फुटपाथ पर फल सब्जी बेचने वाले विक्रेताओं ने जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी फरियाद रखी। यहां पर अस्थाई रुप से ठेला लगाने वाले लोगों का कहना है कि निगम अमले द्वारा एक व्यक्ति की झूठी शिकायत पर उनका सामान उठा लिया गया और उन्हें आए दिन परेशान करते है। हम लोग रोज खाने कमाने वाले है हमारे पास किसी प्रकार का रोजगार नही है। लेकिन निगम के अमले द्वारा हमें आए दिन परेशान किया जाता है और हमारा सामान अतिक्रमण के नाम पर उठा लिया जाता है। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने अपनी फरियाद निगम् आयुक्त सोमनाथ झारिया के सामने रखी और निराकरण की मांग की।

राज एक्सप्रेस 27/10/21

जनसुनवाई

सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए

# जनसुनवाई में पहुंचे 65 आवेदन, कलेक्टर ने दिए निराकरण के आदेश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

जनसुनवाई में 65 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए। जनसुनवाई में आवास आवंटन, भूमि पंजीयन, शिक्षा शुल्क में रियायत, सीमांकन आदि बिंदुओं से संबंधित आवेदन दिए गए।



## शिक्षण शुल्क माफ करने के निर्देश

कलेक्टर के समक्ष पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए। एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन' नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है । एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए।

## नहीं किया जा रहा अग्रिम भुगतान

रतलाम निवासी मोहनलाल पालीवाल ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 22 एवं 23 मई 2021 को निश्चित हुआ था। विवाह के लिए उन्होंने कसारा बाजार स्थित धर्मशाला में अपनी बुकिंग करवाई थी और बुकिंग के साथ अग्रिम राशि 28 हजार रुपए भी जमा करवाए थे। कोरोना प्रोटोकाल के कारण उक्त विवाह समारोह नहीं हो सका। इसके बाद धर्मशाला प्रबंधक द्वारा उनकी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से अपने आवेदन लेकर उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

215

राज एक्सप्रेस 27/10/21

# आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल करें

## जनसुनवाई में 65 आवेदकों ने अपने आवेदन दिए

रतलाम। प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 65 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए। जनसुनवाई में आवास आवंटन, भूमि पंजीयन, शिक्षा शुल्क में रियायत, सीमांकन आदि बिंदुओं से संबंधित आवेदन दिए गए।



### शिक्षण शुल्क माफ करने के निर्देश

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के समक्ष पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए।

एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए।

### तत्काल आर्थिक सहायता देने के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान बरगुंडों का वास निवासी भारती पति पूनमचंद ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का स्वर्गवास कोरोना काल में हो गया है। पति की मृत्यु के बाद परिवार में कमाई का कोई साधन नहीं रहा है। उन्हें शासन के नियमानुसार अभी तक आर्थिक सहायता भी प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का गुज़ारा मुश्किल हो रहा है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि उक्त आर्थिक सहायता के प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और पीड़िता को रेड क्रॉस के माध्यम से दस हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदन में रतलाम निवासी अशोक वर्मा ने अपने पुत्र के मेडिकल अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावित को तत्काल रेडक्रॉस से पंद्रह हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के निर्देश दिए।

## सुक्ता जसवाडी बंधान से सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस बूस्टर पंप हाउस तक स्थापित की जा रही पाईप लाइन के कार्य का अधीक्षण यंत्री ने किया निरीक्षण



खंडवा। 8 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से सुक्ता जसवाडी बंधान से सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस बूस्टर पंप हाउस तक 10.750 किलोमीटर लंबी अतिरिक्त नई 450 एम. एम.डाया की डी.आई.-के पाईप लाइन स्थापित किए जाने के भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय परिसर मे किए जा रहे कार्य का आज अधीक्षण यंत्री श्री कैलाश चौधरी ने निरीक्षण कर कार्य कर रही एजेंसी को निर्देशित किया कि तीन स्थानों पर एक साथ कार्य आरंभ कर दिसंबर माह के अंत तक कार्य पूर्ण करें। इस नई लाइन से सर्किट हाउस बूस्टर पंप हाउस के संपवेल में प्रतिदिन 13 एम.एल.डी. पेयजल प्राप्त किया जा सकेगा। श्री चौधरी ने कहा कि वर्षा काल के दौरान पाइप लाइन स्थापित किए जाने के कार्य करने में परेशानी आ रही थी अब पाइप लाइन स्थापित किए जाने के कार्य को शीघ्रता से कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुक्ता जसवाडी बंधान मे पानी रोके जाने के लिए डाले जा रहे सिलीपाट के कार्य का भी आज अधीक्षण यंत्री श्री कैलाश चौधरी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री अंतरसिंह तवर,प्रभारी सहायक यंत्री श्री राजेश गुप्ता,उपयंत्री श्री प्रशांत पाचोरे ने निरीक्षण किया।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 27/10/21

# मार्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक बनेगी सीमेंट कंक्रीट सड़क

## विधायक चेतन्य काश्यप ने किया शुभारंभ, 45 लाख रुपये होंगे खर्च

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने मार्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क 45 लाख की लागत से बनेगी। शहर के तीन वार्डों से जुड़ी इस सड़क के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे।" सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ काश्यप ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या, मयूर पुरोहित आदि मंचासीन रहे।


गेती की पूजा कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप।

काश्यप ने कहा कि अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए कानून बन गया है। नियम जारी होने पर उन कॉलोनियों में फिर से विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 4500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हो चुके हैं। सरकार द्वारा फिर से पट्टे देने के लिए सर्वे होने पर चिन्हित परिवारों को आवास निर्माण के लिए ढाई-ढाई लाख रुपये की राशि दी जाएगी। रतलाम को मालवा का प्रमुख व्यापारिक व औद्योगिक केंद्र बनाने के प्रयास जारी है। शहर के समीप इसी उद्देश्य से औद्योगिक कारिडोर की स्थापना की जा रही है। पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पांडेय, धर्मेंद्रसिंह देवड़ा बागेड़ी, शक्तिसिंह राठौर, विवेक शर्मा, कमल गुरनानी, प्रकाश बंशीवाल, तन्मय त्रिवेदी, हेमराज वसावा, संदीप मौर्य, श्रीराम यादव, राजेश पांचाल, संतोष बैरागी, सारिका दीक्षित, सुनीता श्रीवास्तव सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुवेंद्र गुर्जर ने माना। वडि

नईदुनिया 27/10/21

---

निजी स्कूल से टेंकर रोड तक बनेगी सीसी रोड

# 45 लाख रुपए का होगा व्यय, विधायक ने किया भूमिपूजन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. विधायक चेतन्य काश्यप ने निजी स्कूल से टेंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य की भूमिपूजन कर शुरुआत की। यह सीसी रोड 45 लाख रुपए की लागत से बनेगी। शहर के 3 वार्डों से जुड़ी इस रोड के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे। इस दौरान मयुर पुरोहित आदि मंचासीन रहे।



आयोजन में विधायक काश्यप ने कहा कि सीवरेज लाईन और अन्य कार्यों के वजह से शहर में रोड काफी क्षतिग्रस्त हुई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के प्रवास के दौरान फरवरी माह में पंचवर्षीय योजना में 120 करोड़ रुपए से रोड के नवनिर्माण की योजना बनी है। इसमें से अब तक 20 करोड़ के टेंडर जारी कराए जा चुके है। औद्योगिक क्षेत्र में रोड निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए है। विधायक काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 4,500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हो चुके हैं।

सरकार द्वारा फिर से पट्टे देने के लिए सर्वे होने पर चिन्हित परिवारों को आवास निर्माण हेतु ढाई-ढाई लाख रूपए की राशि दी जाएगी। मण्डल अध्यक्ष करणधीर्य बड़गोत्या ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुबेन्द्र गुर्जर ने माना। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पु पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। पत्रिका

पत्रिका 27/10/21

# दो दिन से स्टेशन रोड और टीआइटी रोड क्षेत्र अंधेरे में



लोकेंद्र भवन मार्ग पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें। ● नईदुनिया

**रतलाम।** पिछले दो दिनों से स्टेशन रोड, स्टेडियम मार्केट, टीआइटी रोड, भूत बंगला, बैंक कालोनी, लोकेंद्र भवन रोड आदि क्षेत्र की अधिकांश क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है। इसके कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल जैन ने आगामी त्योहारों को देखते हुए शीघ्र ही स्टेशन रोड के प्रमुख क्षेत्रों की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने की मांग निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से की है।

नईदुनिया 27/10/21

---

त्योहार पर अंधेरा

# प्रमुख मार्गों की स्ट्रीट लाइट बंद, दो दिन से परेशान हो रहे हैं लोग

## दीपावली के पहले व्यवस्था सुधारने के निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रोशनी के त्योहार दीपावली को देखते हुए दो दिन पहले कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अफसरों की बैठक ली थी। शहर की बंद स्ट्रीट लाइटों को लेकर निगम अफसरों को निर्देश दिए थे कि वे शहर का दौरा कर स्ट्रीट लाइट चालू करवाएं लेकिन कलेक्टर के आदेश के बाद भी कई क्षेत्र तो ऐसे हैं जहां दो दिन से स्ट्रीट लाइट चालू नहीं हुई है। मुख्य मार्ग होने से आने जाने में दिक्कत है। स्टेशन रोड, स्टेडियम मार्केट, टीआईटी रोड, लोकेंद्र भवन रोड ये सभी प्रमुख मार्ग है रोजाना इन सड़कों से सैकड़ों लोग आना जाना करते हैं। वहीं ये कारोबारी क्षेत्र है, वहीं कॉलेज रोड, पैलेस रोड, न्यू रोड की कई स्ट्रीट लाइट बंद हैं।

### कोई सुनने वाला नहीं

सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल जैन ने बताया स्टेशन रोड शहर का प्रमुख मार्ग है। दो दिन से स्ट्रीट लाइट बंद है। आसपास के क्षेत्रों की कई स्ट्रीट लाइट बंद हैं। दीपावली पास है लाइट बंद होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। रोशनी के त्योहार के पहले ये हाल सड़कों के है। निगम के स्ट्रीट लाइट चालू कराना चाहिए ताकि व्यापारी कारोबार कर सकें।

### डोंगरानगर में कल बिजली कटौती

बिजली कंपनी गुरुवार को डोंगरानगर एवं मोहननगर फीडर का दीपावली पूर्व मेंटेनेंस करेगी। मोहन नगर, संत कंवरराम नगर, शुभमश्री कॉलोनी, नित्यानंद धाम, रिद्धी सिद्धि कॉलोनी, कॉमर्स कॉलेज, डोंगरा नगर, सागोद रोड, ईश्वर नगर, , खेतलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों की बिजली सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

दै. भास्कर 27/10/21

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 65 आवेदकों की जानी समस्याएं

# आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल करें

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 65 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए। जनसुनवाई में आवास आवंटन, भूमि पंजीयन, शिक्षा शुल्क में रियायत, सीमांकन आदि बिंदुओं से संबंधित आवेदन दिए गए।

कलेक्टर के समक्ष पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए।

एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए।




## तत्काल आर्थिक सहायता देने के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान बरगुंडों का वास निवासी भारती पति पूनमचंद ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का स्वर्गवास कोरोना काल में हो गया है। पति की मृत्यु के बाद परिवार में कमाई का कोई साधन नहीं रहा है। उन्हें शासन के नियमानुसार अभी तक आर्थिक सहायता भी प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का गुजारा मुश्किल हो रहा है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि उक्त आर्थिक सहायता के प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और पीड़िता को रेड क्रॉस के माध्यम से दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदन में रतलाम निवासी अशोक वर्मा ने अपने पुत्र के मेडिकल अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावित को तत्काल रेडक्रॉस से पंद्रह हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के निर्देश दिए।

## धर्मशाला प्रबंधक ने अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया तो की शिकायत

रतलाम निवासी मोहनलाल पालीवाल ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 22 एवं 23 मई 2021 को निश्चित हुआ था। विवाह के लिए उन्होंने कसारा बाजार स्थित धर्मशाला बुकिंग करवाई थी और बुकिंग के साथ अग्रिम राशि 28 हजार रुपए भी जमा करवा दी थी।

कोरोना प्रोटोकाल के कारण उक्त विवाह समारोह नहीं हो सका। इसके बाद धर्मशाला प्रबंधक द्वारा उनकी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से अपने आवेदन लेकर उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

दबंग

दबंग दुनिया 27/10/21

# जिला अस्पताल से भी मिल सकेंगे प्लेटलेट्स, कंपोनेंट यूनिट का मिला लाइसेंस

## सात साल से चल रही थी प्रक्रिया, ब्लड बैंक की शिफ्टिंग और स्टाफ की ट्रेनिंग का बड़ा फायदा मिला, अब व्यवस्था जुटाएंगे

### निरीक्षण करने के लिए 7 अक्टूबर को आई थी टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वास्थ्य के क्षेत्र में राहत की खबर आई है। जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट यूनिट को लाइसेंस मिल गया है। यानी अब जिला अस्पताल से प्लेटलेट्स मिल सकेंगे। कुछ इंतजाम होने के बाद प्लेटलेट्स देने की शुरुआत हो जाएगी। यह एक बड़ी जीत है, क्योंकि शहर के कुछ लोग कंपोनेंट यूनिट के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे।

जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट मशीन की सुविधा नहीं थी। लगातार प्रयास हो रहे थे, 7 अक्टूबर को रतलाम में टीम आई थी, निरीक्षण हुए। कमियां बताई थी, जो कि दूर कर ली। अब जिला अस्पताल को लाइसेंस जारी कर दिया है। इस मशीन का शुरू होना बड़ी बात है, क्योंकि 2014 से यह मशीन हमारे अस्पताल में है लेकिन सुविधा नहीं मिल पा रही थी।

### पहले जगह फिर स्टाफ की परेशानी थी, अब दूर

कंपोनेंट यूनिट शुरू करने में पहले जगह की समस्या थी। यूनिट के लिए अलग से भवन चाहिए था। एमसीएच और एसएनसीयू की शिफ्टिंग के बाद रास्ता साफ हो गया। इस जगह ब्लड बैंक की शिफ्टिंग हो गई। वहीं, स्टाफ की समस्या थी, इसके लिए पैथोलॉजिस्ट मिल गए, वहीं, अन्य स्टाफ को ट्रेंड कर लिया।

### 1 यूनिट रक्त से 4 लोगों को हो सकेगा फायदा

कंपोनेंट यूनिट में रक्त के अलग-अलग कंपोनेंट होते हैं। 1 यूनिट रक्त से 4 लोगों को फायदा मिलता है। प्लाज्मा ले सकते हैं जो कि करंट या आग लगने से झुलसने वाले मरीजों के काम आता है। आरबीसी पैक्ड ब्लड सेल जो कि एनिमिया में, प्लेटलेट्स जो कि डेंगू, कैंसर व विशेष तरह के बुखार में काम आता है।

### शहर विधायक सहित कलेक्टर और अधिकारियों ने भी ली रुचि

इधर, कंपोनेंट यूनिट को शुरू करवाने में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, डॉ. योगेश नीखरा सहित अन्य अधिकारियों का विशेष योगदान है। कई समाजसेवी संगठन भी कंपोनेंट यूनिट के लिए लड़ रहे थे। रक्तदाता बादल वर्मा, शोएब, सुनील गोयल, दिलीप भंसाली, राजेश पुरोहित सहित अन्य कंपोनेंट यूनिट के लिए ज्ञापन सहित अन्य माध्यमों से प्रशासन को याद दिलाते थे। वहीं, पूर्व रेडक्रॉस चेयरमैन महेंद्र गादिया ने ब्लड कंपोनेंट यूनिट के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है।

### रोज 100 यूनिट से ज्यादा दे रहे हैं रक्त

इधर, शहर को अभी प्लेटलेट्स की जरूरत है। डेंगू और वायरल का प्रकोप है। लोगों के प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रहे है। शहर में सिर्फ मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की सुविधा उपलब्ध है। वहां से प्रतिदिन 100 यूनिट से ज्यादा प्लेटलेट्स दिए जा रहे है, जोकि शहर के इतिहास में रिकॉर्ड है। इसके लिए टीम 24-24 घंटे काम कर रही है।

*लाइसेंस मिल गया है - कंपोनेंट यूनिट को लाइसेंस मिल गया है। लोगों को जल्द सुविधा मिलने लगेगी। बस एक लेटर और आना है। इसके बाद यूनिट शुरू कर देंगे।* -डॉ. आनंद चंदेलकर, सिविल सर्जन

भास्कर

दै. भास्कर 27/10/21

# कोरोना ने फिर डराया : 24 घंटे में 27 पॉजिटिव मिले, सबसे ज्यादा इंदौर में 9, भोपाल में 8 मरीज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में 27 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा इंदौर में 9, भोपाल में 8, नरसिंहपुर में 5, धार-छिंदवाड़ा में 2-2 और सिंगरौली में 1 केस सामने आया है, इससे पहले 23 सितंबर को प्रदेश में 36 केस आए थे। एक महीने बाद इतनी संख्या में मरीज मिलने से सरकार अलर्ट हो गई है।

प्रदेश में पिछले 7 दिनों में 11 जिलों में 84 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा भोपाल में 25, इंदौर में 20, धार में 13, नरसिंहपुर में 7, होशंगाबाद में 6, सागर में 5, जबलपुर और छिंदवाड़ा में 2-2 संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा सिंगरौली, नीमच, रतलाम, राजगढ़ में 1-1 मामले आए हैं। इन मरीजों में अधिकतर मरीज ट्रैवल हिस्ट्री वाले हैं। यही कारण है कि छोटे जिले संक्रमण की जद में आ रहे हैं। इंदौर में दो दिन पहले कोरोना के नए वैरिएंट-4 की पुष्टि हुई थी। दरअसल, विशेषज्ञ ने -4 वैरिएंट को डेल्टा संक्रामक बताया है और ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी है। इंदौर में 24 घंटे में कोरोना के 9 नए केस मिले हैं। इसी के साथ एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। माना जा रहा है कि सभी नए मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री हो सकती है। हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम मरीजों को कोविड केयर सेंटर में एडमिट कराने की तैयारी में है।

# वैक्सीन की दूसरी डोज समेत कई मुद्दों पर मंडाविया करेंगे स्वास्थ्य मंत्रियों से चर्चा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश में कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के नए मामलों में लगातार गिरावट का दौर बना हुआ है। तो दूसरी ओर, कोरोना को मात देने के लिए टीकाकरण अभियान में भी तेजी आ रही है। लेकिन उधर, केंद्र की मोदी सरकार को एक नई चिंता खाए जा रही है, जिससे देश के लोगों की चिंता बढ़ सकती है। वैक्सीन के दोनों डोज ले चुके लोगों को भी कोरोना हो रहा है, वहीं कोरोना का एक नया वेरिएंट भी मिला है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने टीकाकरण की प्रगति पर चर्चा के लिए बुधवार को राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक बुलाई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने कहा कि बैठक देश भर में वैक्सीन प्रशासन को बढ़ाने के लिए बुलाई गई है।

### टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए कहा

केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को देश भर में दूसरी कोविड की खुराक पर ध्यान देने के साथ टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए कहा है। यह निर्णय देश द्वारा 21 अक्टूबर को 100 करोड़ खुराक देने का मील का पत्थर हासिल करने की पृष्ठभूमि में आया है।

**साल के अंत तक सभी पात्र लोगों का हो जाए टीकाकरण:** केंद्र सरकार ने सामूहिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से टीकाकरण की गति में सुधार और कवरेज बढ़ाने को कहा है। मंगलवार सुबह 7 बजे तक अनंतिम रिपोर्टों के अनुसार भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज 102.94 करोड़ से अधिक हो गया है, जो 1,02,28,502 सत्रों के माध्यम से हासिल किया गया है। पिछले 24 घंटों में कुल 64,75,733 टीके की खुराक दी गई है।

## आंबेडकर ग्राउंड में बेच सकेंगे मिट्टी के दीपक, नहीं लगेगा शुल्क

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फार लोकल आह्वान के तहत जिला मुख्यालय पर मिट्टी के दीपक बेचने वालों के लिए सुविधा दी जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि धनतेरस से भाईदूज तक पांच दिन शहर के आंबेडकर ग्राउंड में दीपक विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकते हैं। उनसे इस दौरान कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कलेक्टर ने उक्त स्थल पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## सफाई संरक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण आज

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर को अलकापुरी कम्युनिटी हाल में नगर निगम के सफाई संरक्षकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सुबह 11 से शाम पांच बजे तक डेंगू, टाईफाइड, टीबी आदि बीमारियों की जांच की जाएगी। शिविर में जिला चिकित्सालय के चार डाक्टर, दो लैब टेक्नीशियन व अन्य स्टाफ अपनी सेवाएं देगा।

## शहर में आज 15 स्थान पर लगेगी वैक्सीन

रतलाम | शहर में 27 अक्टूबर को टीकाकरण किया जाएगा। 13 स्थानों पर कोविशील्ड और 2 स्थानों पर को-वैक्सीन लगेगी। गांधीनगर स्थित कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी स्थित कम्युनिटी हॉल, विरीयाखेड़ी स्थित रेडक्रॉस भवन, सुभाष नगर मांगलिक भवन, कालिका माता मंदिर धर्मशाला, सागोद रोड स्थित काश्यप सभागृह, दो बत्ती स्थित डीआरएम ऑफीस, जिला अस्पताल, कसारा बाजार स्थित माहेश्वरी धर्मशाला, मोमीनपुरा बड़ी मस्जिद, अशोक नगर मदरसा, रामेश्वर मंदिर जावरा रोड और जमातखाना शेरानीपुरा में कोविशील्ड का टीका लगाया जाएगा। राजेंद्र नगर स्थित आईएम हॉल और एमसीएच में को-वैक्सीन लगेगी। अलकापुरी में 400 डोज, गांधीनगर, मोमीनपुरा, दो बत्ती और आईएमए हॉल में 300 डोज की व्यवस्था रहेगी।

## 25 रिपोर्ट में डेंगू के दो नए मरीज मिले

रतलाम। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मंगलवार को एलाइजा जांच की 25 रिपोर्ट में डेंगू के दो नए मरीज मिले है। अब जिले में डेंगू के मामलों की संख्या 436 पहुंच गई। वहीं मंगलवार को रतलाम शहर में 567 घरों में एडिज लार्वा सर्वे के दौरान 63 में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। पानी टंकी, कंटेनर, बेकार टायर एवं कूलरों में भी डेंगू का लार्वा मिला। तीन दिन बाद दो नए मामलों की पुष्टि हुई। इधर बाल चिकित्सालय, जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में नए मामले सामने आए। एंटीजन किट जांच में डेंगू पाजिटिव होकर लगातार नए मरीज आ रहे हैं। प्लेटलेट्स के लिए भी कतार लगी रही।

## लेन-देन मामले में निगमकर्मी से विवाद

रतलाम | रुपयों के लेन-देन में आरोपियों ने निगमकर्मी और उनके भाई से मारपीट की। घटना संत मीरा स्कूल के पास हुई। निगमकर्मी महेश नगर निवासी पवन बैरागी ने पुलिस को बताया सागर पिता मुकेश शर्मा से रुपयों का लेन-देन है। रुपए चुकाने के लिए सागर ने चेक दिया था। अकाउंट में रुपए नहीं थे इसलिए सागर से सोमवार को दिन में रुपए लौटाने के लिए कहा था। सागर देर रात उसके दोस्त जयेश जाट, नन्नू और दो अन्य युवकों के साथ आया और गालीगलौज कर बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ की। आरोपियों ने पत्थर फेंके जिससे पड़ोसी शाहिद हुसैन की स्कार्पियो के कांच फुटे हैं।

## 3271 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को 271 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह अब तक 3271 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## जोन प्रभारी एपी सिंह का एक दिन वेतन काटा

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक-दो अंतर्गत फोरलेन पर कचरे के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई पाई जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जोन प्रभारी एपी सिंह का एक दिन का वेतन काटा गया। साथ ही कारण बताओ सूचना-पत्र भी जारी किया गया।

## नारायण माली का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के उद्यान विभाग के नारायण माली द्वारा 25 अक्टूबर को नगर निगम का मोबाईल नम्बर 7471144909 बंद रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिवस का वेतन काटकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया।


## नारायण माली का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के उद्यान विभाग के नारायण माली द्वारा 25 अक्टूबर को नगर निगम का मोबाईल नम्बर 7471144909 बंद रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिवस का वेतन काटकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया।


## पेयजल को लेकर क्षेत्रवासियों का प्रदर्शन

रतलाम। पानी की समस्या को लेकर तेजानगर क्षेत्र के रहवासियों ने सोमवार सुबह चक्काजाम किया। तेजानगर क्षेत्र की मुख्य सड़क पर चक्काजाम किए जाने की जानकारी मिलने पर माणकचौक थाने व नगर निगम से अधिकारी मौके पर पहुंचे। पिछले कई दिनों से पानी की समस्या से परेशान तेजानगर क्षेत्र के ब्लॉक 2 व 3 के क्षेत्रवासियों ने पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विनोद राठौड़ के नेतृत्व में चक्काजाम कर दिया। राठौड़ ने बताया पानी की समस्या को लेकर क्षेत्रवासी काफी समय से परेशान है। अधिकारियों की समझाइश के बाद क्षेत्रवासी शांत हुए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने एक माह में समस्या का निराकरण करने का

# कों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल करें

## वाई में 65 आवेदकों ने अपने आवेदन दिए



उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए।

एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है । एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए।

प्रसारण

## तत्काल आर्थिक सहायता देने के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान बरगुंडों का वास निवासी भारती पति पूनमचंद ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का स्वर्गवास कोरोना काल में हो गया है। पति की मृत्यु के बाद परिवार में कमाई का कोई साधन नहीं रहा है। उन्हें शासन के नियमानुसार अभी तक आर्थिक सहायता भी प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का गुज़ारा मुश्किल हो रहा है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि उक्त आर्थिक सहायता के प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और पीड़िता को रेड क्रॉस के माध्यम से दस हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदन में रतलाम निवासी अशोक वर्मा ने अपने पुत्र के मेडिकल अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं हो रहा है । कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावित को तत्काल रेडक्रॉस से पंद्रह हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पवन कुमार, सत्येंद्र तिवारी एवं अन्य द्वारा आवेदन देते हुए बताया गया कि रतलाम नगर में रचना हाउसिंग फर्म के उपक्रम सम्यक लैंड मार्क प्लेटिनम वेली महूरोड पर भूखंड आवंटन हेतु संपूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके बाद भी कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी में विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं एवं रजिस्ट्री भी नहीं की जा रही है। दिनोंदिन निर्माण लागत बढ़ने से आर्थिक नुकसान हो रहा है। कलेक्टर ने उक्त प्रकरणों के निराकरण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। रतलाम निवासी मोहनलाल पालीवाल ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 22 एवं 23 मई 2021 को निश्चित हुआ था। विवाह के लिए उन्होंने कसारा बाजार स्थित धर्मशाला में अपनी बुकिंग करवाई थी और बुकिंग के साथ अग्रिम राशि 28 हज़ार रुपए भी जमा करवाए थे । कोरोना प्रोटोकाल के कारण उक्त विवाह समारोह नहीं हो सका । इसके बाद धर्मशाला प्रबंधक द्वारा उनकी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से अपने आवेदन लेकर उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

प्रसारण 27/10/21

# मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड़ तक बनेगी सीमेंट क

## - विधायक चेतन्य काश्यप ने किया शुभारंभ - 45 लाख रूपए होंगे ख

प्रसारण न्यूज • रतलाम

विधायक चेतन्य काश्यप ने मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड तक बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क 45 लाख रूपए की लागत से बनेगी। शहर के 3 वार्डो से जुड़ी इस सड़क के निर्माण से कई नागरिक लाभान्वित होंगे। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ श्री काश्यप ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या एवं मयुर पुरोहित आदि मंचासीन रहे।

विधायक काश्यप ने कहा कि सीवरेज लाईन और अन्य कार्यों के वजह से शहर में सड़कें काफी क्षतिग्रस्त हुई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम प्रवास के दौरान फरवरी माह में पंचवर्षीय योजना में 120 करोड़ से सड़कों के नवनिर्माण की



योजना बनी है। इसमें से अब तक 20 करोड़ के टेंडर जारी कराए जा चुके है, जिससे कई प्रमुख सड़को का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूरा हो चुका है। इसका दिखेगा जब शहर की नालियों से गंदा पा बंद हो जाएगा। सीवरेज की योजना आधु की कल्पना से प्रेरित है, जिसका लाभ कई सालों तक मिलेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि अवैध कॉलि वैध करने के लिए कानून बन गया है। नि होने पर उन कॉलोनियों में फिर से विकास किए जा सकेंगे। मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंक यह सड़क 3 वार्डो की मांग को पु औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण हेतु भी रूपए स्वीकृत किए गए है। श्री काश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हो चुके द्वारा फिर से पट्टे देने के लिए सर्वे होने प परिवारों को आवास निर्माण हेतु ढाई-

प्रसारण 27/10/21

# शहर से निकलने वाले कचरे का होगा 100 प्रतिशत निष्पादन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु शहर से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 1 मिट्रिक टन कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर 100 प्रतिशत निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किए जाने हेतु तैयार की जा रही डीपीआर का प्रेजेन्टेशन सिविक सेंटर स्थित एस बी एम सेल में दिया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया बताया कि शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का 100 प्रतिशत निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से किए जाने हेतु प्लांट लगाये जाने हेतु डीपीआर तैयार की जा रही है, जिसके तहत गीले कचरे से खाद बनाई जाएगी। सूखे कचरे के निष्पादन हेतु एमआरएफ/आरडीए का निर्माण कराया जाकर अनुपयोगी कचरे का निष्पादन भी वैज्ञानिक तरीके से लैण्डफील का निर्माण कर किया जाएगा। 100 प्रतिशत कचरे का निष्पादन होने पर रतलाम शहर पूर्णतः कचरा मुक्त होकर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होगा।

इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, इंदौर से मोहित मोहनवानी, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।



प्रसारण

प्रसारण 27/10/21

**कोरोना ने फिर डराया** : सबसे ज्यादा इंदौर में 9 कोविड संक्रमित, भोपाल में 8 मरीज मिले

# मप्र में 24 घंटे में 27 पॉजिटिव मिले

भोपाल » सिटी रिपोर्टर

मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में 27 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा इंदौर में 9, भोपाल में 8, नरसिंहपुर में 5, धार-छिंदवाड़ा में 2-2 और सिंगरौली में 1 केस सामने आया है। इससे पहले 23 सितंबर को प्रदेश में 36 केस आए थे। एक महीने बाद इतनी संख्या में मरीज मिलने से सरकार अलर्ट हो गई है।

प्रदेश में पिछले 7 दिनों में 11 जिलों में 84 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा भोपाल में 25, इंदौर में 20, धार में 13, नरसिंहपुर में 7, होशंगाबाद में 6, सागर में 5, जबलपुर और छिंदवाड़ा में 2-2 संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा सिंगरौली, नीमच, रतलाम, राजगढ़ में 1-1 मामले आए हैं। इन मरीजों में अधिकतर मरीज ट्रैवल हिस्ट्री वाले हैं। यही कारण है कि छोटे जिले संक्रमण की जद में आ रहे हैं। इंदौर में दो दिन पहले कोरोना के नए वैरिएंट एवाय-4 की पुष्टि हुई थी।

## इंदौर: एक्टिव मरीजों की संख्या 20

इंदौर में 24 घंटे में कोरोना के 9 नए केस मिले हैं। इसी के साथ एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। माना जा रहा है कि सभी नए मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री हो सकती है। हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम मरीजों को कोविड केयर सेंटर में एडमिट कराने की तैयारी में है।



## भोपाल: 24 घंटे में दो गुना मामले

भोपाल में 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के मामले दोगुने हो गए हैं। सोमवार को शहर में 8 पॉजिटिव मिले। इससे एक दिन पहले 4 संक्रमित मिले थे। 6 अक्टूबर को 11 नए केस मिले थे। अक्टूबर में शहर में 97 मरीज मिल चुके हैं। अभी भोपाल में 32 एक्टिव केस हैं। भोपाल में पिछले 24 दिन में 12 बार 4 से ज्यादा केस आए हैं। 6 अक्टूबर को सबसे ज्यादा 11 पॉजिटिव आए थे। अधिकतर कोरोना संक्रमित रेलवे स्टेशन पर मिले यात्री हैं। इससे पहले 22 अक्टूबर को शहर में एक दिन में 20 कोरोना पॉजिटिव मिले थे।

## रिकवरी रेट 98% से ज्यादा

राज्य में अब तक 7 लाख 92 हजार 774 संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से अब तक 7 लाख 82 हजार 152 मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना के कारण 10 हजार 523 लोगों की जान जा चुकी है। अभी रिकवरी दर 98% से ज्यादा है।

## प्रोटोकॉल का पालन करें

हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लोकेन्द्र दवे ने कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर लोगों को जागरूक होना होगा। लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा, लेकिन लोग लापरवाह बने हुए हैं। अभी त्योहार में संक्रमण फैलने की संभावना ज्यादा रहती है, इसलिए लोगों को मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए टेस्टिंग पर फोकस है। संक्रमितों की पहचान कर उनको आईसोलेट और इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

दबंग

दबंग दुनिया 27/10/21

# शहर में संचालित 67 दुकानों, संस्थानों को निगम सीमा से बाहर जाने का नोटिस जारी

रतलाम। जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में संचालित की जाने वाली कबाड़ दुकानों, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर

## ▶ खतरनाक एवं ज्वलनशील वस्तुओं के है गोदाम

**गोदाम एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु के भंडारण इत्यादि से संबंधित 67 संस्थानों को नगर निगम क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया है ।**

इस संबंध में जारी सूचना पत्र में कहा गया है कि संचालित की जा रही उक्त दुकानों, गोडाउन, भंडारण इत्यादि से मानव जीवन व लोक संपत्ति की क्षति संभावित है। इस तरह की गतिविधियों से जन सामान्य के स्वास्थ्य, जान-माल को खतरा आसन्न हो गया है तथा भविष्य में इन कारणों से लोग शांति भंग होने की प्रबल आशंका व्याप्त है।

## माणकचौक में 19 और दीदयाल नगर में 24 को नोटिस

विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्र अनुसार जारी किए गए सूचना पत्र में पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के 8, पुलिस थाना माणकचौक क्षेत्र के 19, पुलिस थाना स्टेशन रोड के 16 तथा पुलिस थाना दीनदयाल नगर क्षेत्र के 24 संस्थानों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

आवासीय क्षेत्र में इस तरह का व्यवसाय रतलाम शहर में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग योजना के निवेश क्षेत्र में निर्दिष्ट होने से एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम- 2012 के प्रावधानों के विपरीत है। संस्थानों को 12 नवंबर 2021 दोपहर 4 बजे तक न्यायालय जिला दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर यह स्थिति स्पष्ट करने को निर्देशित किया गया है कि क्यों न दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के तहत कार्रवाई कर संस्थान को नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर स्थापित किया जाए। नवभारत

नवभारत 27/10/21

---

**12 नवंबर को रखना होगा अपना पक्ष**

# शहर में ज्वलनशील पदार्थ के 67 दुकान, गोदाम पर नोटिस

**रतलाम.** जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में संचालित की जाने वाली कबाड़ दुकानों, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर गोदाम एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु के भंडारण आदि से जुड़े 67 संस्थानों को नगर निगम क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित किए जाने हेतु नोटिस मंगलवार शाम को जारी कर दिया। निगम के सर्वे में 95 स्थान खतरनाक पाए गए थे। जारी नोटिस में नियमों का हवाला देते हुए सभी को अपना पक्ष रखने 12 नवंबर की शाम 4 बजे बुलाया गया है।

जिला दंडाधिकारी के द्वारा जारी नोटिस में जो लिखा गया है उसके अनुसार, संचालित की जा रही उक्त दुकानों, गोडाउन, भंडारण से मानव जीवन व लोक संपत्ति की क्षति संभावित है। इस तरह की गतिविधियों से जन सामान्य के स्वास्थ्य, जान-माल को खतरा आसन्न हो गया है तथा भविष्य में इन कारणों से लोग शांति भंग होने की प्रबल आशंका व्याप्त है। आवासीय क्षेत्र में इस तरह का व्यवसाय शहर में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग योजना के निवेश क्षेत्र में निर्दिष्ट होने से एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम- 2012 के प्रावधानों के विपरीत है। संस्थानों को 12 नवंबर दोपहर की शाम 4 बजे तक न्यायालय जिला दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर यह स्थिति स्पष्ट करने को निर्देशित किया गया है कि क्यों न दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के तहत कार्रवाई कर संस्थान को नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर स्थापित किया जाए।

## इतने है थाना अनुसार

| | |
|---|---|
| पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र में | 8 |
| पुलिस थाना माणकचौक क्षेत्र में | 19 |
| पुलिस थाना स्टेशन रोड में | 16 |
| पुलिस थाना दीनदयाल नगर में | 24 |
| कुल - | 67 |

पत्रिका

पत्रिका 27/10/21

---

### 67 दुकानें, संस्थान निगम सीमा से बाहर शिफ्ट होगी

**रतलाम।** शहर में संचालित की जाने वाली कबाड़ दुकानों, गोदाम, लकड़ी के गोदाम, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आइल, डीजल, गैस सिलिंडर गोदाम एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तु के भंडारण से संबंधित 67 संस्थानों को नगर निगम क्षेत्र से अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सूचना पत्र जारी किया है। सूचना पत्र में कहा गया है कि संचालित दुकानों आदि से जन सामान्य के स्वास्थ्य, जान-माल को खतरा है। संस्थान संचालकों को 12 नवंबर शाम चार बजे तक कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना है। थाना क्षेत्र अनुसार पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के आठ, माणकचौक क्षेत्र के 19, स्टेशन रोड के 16 तथा पुलिस थाना दीनदयाल नगर क्षेत्र के 24 संस्थानों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

नईदुनिया 27/10/21

सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए खोदी गई सडक़ों की मरम्मत नहीं किए जाने पर-

# सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के खिलाफ शिकायत, कार्यवाही की मांग

रतलाम। सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए पूरे शहर की सडक़ें खोद दी गई, लेकिन अनुबन्ध की शर्तों के मुताबिक सीवरेज कंपनी द्वारा सडकों का रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा है। सडक़ों की मरम्मत का काम सीवरेज कंपनी को करना है, लेकिन निगमायुक्त द्वारा सडक़ों की मरम्मत के लिए एक करोड से अधिक के टेण्डर निकाल दिए गए है। सडक़ों की मरम्मत नहीं होने को लेकर सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त की शिकायत की गई है।

कलेक्टर की जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायत में शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कहा है कि सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए कंपनी से किए गए अनुबन्ध की शर्त क्र. 7.1 और 7.2 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि सीवरेज कार्य के लिए खोदी गई सडक़ का रेस्टोरेशन कंपनी को ही करना है। इतना ही नहीं कंपनी को सडक़ को उसी स्थिति में वापस लाना है, जैसी कि वह खुदाई से पहले थी। शर्त क्र.7.2 में स्पष्ट उल्लेख है कि सडक़ की खुदाई एक बार में 250 मीटर की लम्बाई में की जाएगी और खोदी गई ढाई सौ मीटर का कार्य पूरा होने के बाद ही आगे खुदाई की जाएगी। लेकिन सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी इन दोनों शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही है।



शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि कंपनी द्वारा शर्तों का पालन नहीं किए जाने की दशा में निगमायुक्त को कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, लेकिन निगमायुक्त ने कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। उलटे सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड रु. से अधिक के टेण्डर निकाल दिए है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के बीच दुरभिसन्धि है, जिसकी वजह से निगमायुक्त कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है और पूरा शहर गड्ढों और धूल से परेशान है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि सीवरेज कंपनी ने कस्तुरबा नगर मेनरोड, लोहार रोड, चांदनीचोक होते हुए त्रिपोलिया गेट, चमारिया नाके से हरमाला रोड, बाजना बस स्टैण्ड जैसी कई सडक़ों को शर्तों के विपरित ढाई सौ मीटर से अधिक खोदा और इसके बाद रैस्टोरेशन भी ठीक से नहीं किया। डामर की सडक़ों पर घटिया क्वालिटी के सीमेन्ट कांक्रीट से रेस्टोरेशन किया गया,जो बारिश में बह गया। जबकि डामर रोड पर डामर से ही रैस्टोरेशन किया जाना था।

शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मांग की है कि शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सड़को का पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से आडिट करवाया जाए और निगमायुक्त व सीवरेज कंपनी के विरुद्ध जांच कर कडी कार्यवाही की जाए। साथ ही सीवरेज कंपनी से शहर की तमाम क्षतिग्रंस्त सकों का रेस्टोरेशन करवाया जाए जिससे कि नागरिकों को गड्ढों और धूल की समस्या से निजात मिल सके।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 27/10/21

# स्टार स्कूल से टेंकर रोड़ तक बनेगी सीमेंट कांक्रीट सड़क

## - विधायक चेतन्य काश्यप ने किया शुभारंभ - 45 लाख रूपए होंगे खर्च

स्कूल
निर्माण
रूपए
ड़ी इस
होंगे।
यप ने
न पूर्व
मीडिया
जिला
करण
ासीन

लाईन
काफी
ान के
वर्षीय
ण की



योजना बनी है। इसमें से अब तक 20 करोड़ के टेंडर जारी कराए जा चुके है, जिससे कई प्रमुख सड़कों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना का कार्य पूरा हो चुका है। इसका लाभ तब दिखेगा जब शहर की नालियों से गंदा पानी दिखना बंद हो जाएगा। सीवरेज की योजना आधुनिक शहर की कल्पना से प्रेरित है, जिसका लाभ आने वाले कई सालों तक मिलेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए कानून बन गया है। नियम जारी होने पर उन कॉलोनियों में फिर से विकास कार्य शुरू किए जा सकेंगे। मॉर्निंग स्टार स्कूल से टेंकर रोड की यह सडक 3 वार्डो की मांग को पुरा करेगी। औद्योगिक क्षेत्र में सडक निर्माण हेतु भी 1 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए है। श्री काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 4,500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हो चुके है। सरकार द्वारा फिर से पट्टे देने के लिए सर्वे होने पर चिन्हित परिवारों को आवास निर्माण हेतु ढाई-ढाई लाख रूपए की राशि दी जाएगी।

रतलाम को मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के प्रयास जारी है। शहर के समीप इसी उद्देश्य से औद्योगिक कोरीडोर की स्थापना की जा रही है।

कार्यक्रम को पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल एवं क्षेत्रवासियों ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या ने स्वागत भाषण दिया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार सुबेन्द्र गुर्जर ने माना। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पु पुरोहित, प्रहलाद पटेल, सीमा टांक, देवशंकर पाण्डेय, मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, शक्तिसिंह राठौड़, विवेक शर्मा, कमल गुरनानी, प्रकाश बंशीवाल, तन्मय त्रिवेदी, हेमराज वसावा, संदीप मौर्य, श्रीराम यादव, राजेश पांचाल, संतोष बैरागी, सारिका दीक्षित, सुनीता श्रीवास्तव सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

प्रसारण 27/10/21

# सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं किए जाने पर सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के खिलाफ शिकायत, कार्यवाही की मांग



**स्वतंत्र समय, रतलाम।** सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए पूरे शहर की सड़कें खोद दी गई, लेकिन अनुबन्ध की शर्तों के मुताबिक सीवरेज कंपनी द्वारा सड़कों का रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा है। सड़कों की मरम्मत का काम सीवरेज कंपनी को करना है, लेकिन निगमायुक्त द्वारा सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड़ से अधिक के टेण्डर निकाल दिए गए है। सड़कों की मरम्मत नहीं होने को लेकर सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त की शिकायत की गई है। कलेक्टर की जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायत में शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कहा है कि सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए कंपनी से किए गए अनुबन्ध की शर्त क्र. 7.1 और 7.2 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि सीवरेज कार्य के लिए खोदी गई सड़क का रेस्टोरेशन कंपनी को ही करना है। इतना ही नहीं कंपनी को सड़क को उसी स्थिति में वापस लाना है, जैसी कि वह खुदाई से पहले थी। शर्त क्र.7.2 में स्पष्ट उल्लेख है कि सड़क की खुदाई एक बार में 250 मीटर की लम्बाई में की जाएगी और खोदी गई ढाई सौ मीटर का कार्य पूरा होने के बाद ही आगे खुदाई की जाएगी। लेकिन सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी इन दोनों शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि कंपनी द्वारा शर्तों का पालन नहीं किए जाने की दशा में निगमायुक्त को कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, लेकिन निगमायुक्त ने कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। उलटे सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड रु. से अधिक के टेण्डर निकाल दिए है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के बीच दुरभिसन्धि है, जिसकी वजह से निगमायुक्त कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है और पूरा शहर गड्ढे और धूल से परेशान है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि सीवरेज कंपनी ने कस्तुरबा नगर मेनरोड, लोहार रोड, चांदनीचोक होते हुए त्रिपोलिया गेट, चमारिया नाके से हरमाला रोड, बाजना बस स्टैण्ड जैसी कई सड़कों को शर्तों के विपरित ढाई सौ मीटर से अधिक खोदा और इसके बाद रेस्टोरेशन भी ठीक से नहीं किया। डामर की सड़कों पर घटिया क्वालिटी के सीमेन्ट कांक्रीट से रेस्टोरेशन किया गया,जो बारिश में बह गया। जबकि डामर रोड पर डामर से ही रेस्टोरेशन किया जाना था। शिकायतकर्ता एडवोकेट देवेन्द्र सिराधना ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मांग की है कि शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सड़को का पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से आडिट करवाया जाए और निगमायुक्त व सीवरेज कंपनी के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही सीवरेज कंपनी से शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सकों का रेस्टोरेशन करवाया जाए जिससे कि नागरिकों को गड्ढों और धूल की समस्या से निजात मिल सके।

स्वतंत्र समय 27/10/21

# सड़कों की मरम्मत नहीं करने पर निगम आयुक्त और सीवरेज कंपनी के खिलाफ शिकायत

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

करीब 4 सालों से जारी सीवरेज प्रोजेक्ट के चलते खुदाई तो हो रही है, लेकिन सड़कों की मरम्मत और निर्माण नहीं। इसकी शिकायत शहर के अधिवक्ता ने सीवरेज कंपनी और निगम आयुक्त के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत कलेक्टर को जनसुनवाई में एड्वोकेट देवेन्द्र सिराधना ने की है। शिकायत में बताया कि सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए कंपनी से किए गए अनुबंध की शर्त में रेस्टोरेशन कंपनी को ही करने की बात है। इतना ही नहीं कंपनी को सड़क को उसी स्थिति में वापस लाना है,जैसी कि वह खुदाई से पहले थी। खुदाई एक बार में 250 मीटर की लम्बाई में की जानी थी। कंपनी इन दोनों शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन कर रही है। कलेक्टर से मांग की है कि शहर की तमाम क्षतिग्रस्त सड़कों का पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से ऑडिट करवाया जाए। शिकायत में बताया है कि सीवरेज कंपनी ने कस्तुरबा नगर मेनरोड, लौहार रोड, चांदनी चोक होते हुए त्रिपोलिया गेट, बाजना बस स्टैंड जैसी कई सड़कों को ढाई सौ मीटर से अधिक खोदा गया। डामर की सड़कों पर



## निगम आयुक्त कंपनी पर क्यों नहीं करते कार्रवाई ?

शिकायत में कहा है कि कंपनी द्वारा शर्तों का पालन नहीं किए जाने की दशा में निगमायुक्त को कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए। निगमायुक्त ने कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। उलटे सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड रु. से अधिक के टेण्डर निकाल दिए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीवरेज कंपनी और निगमायुक्त के बीच दूरभिसन्धि है। पूरा शहर गड्ढों और धूल से परेशान है।

घटिया क्वालिटी के सीमेन्ट कांक्रीट से रेस्टोरेशन किया गया जो बारिश में बह गया।

दबंग दुनिया 27/10/21

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे राज्य और जिला स्तरीय समारोह

रतलाम। मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर 2021 को आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर 1 नवंबर 2021 को शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान की थीम पर 45 से 50 मिनट की अवधि की नृत्य-नाटक को ध्वनि प्रकाश माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। कोरियोग्राफी प्रस्तुति के बाद गीत-संगीत के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

उप निर्वाचन वाले जिलों को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनें मुख्य रूप से «आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान» पर केंद्रित गायन, वादन, नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम होंगे। जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों और ऐतिहासिक इमारतों पर 1 नवंबर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सैनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सभी कार्यक्रमों में कोविड-19 संबंधी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों, संभागीय आयुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रसारण।

प्रसारण 27/10/21

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे राज्य और जिला स्तरीय समारोह

रतलाम। मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर 2021 को आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर 1 नवंबर 2021 को शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान की थीम पर 45 से 50 मिनट की अवधि की नृत्य-नाटक को ध्वनि प्रकाश माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। कोरियोग्राफी प्रस्तुति के बाद गीत-संगीत के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। उप निर्वाचन वाले जिलों को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों पर समारोह आयोजित किए जाएगे। इनें मुख्य रूप से «आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए जन-भागीदारी अभियान» पर केंद्रित गायन, वादन, नृत्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम होंगे। जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों और ऐतिहासिक इमारतों पर 1 नवंबर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सभी कार्यक्रमों में कोविड-19 संबंधी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों, संभागीय आयुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 27/10/21

**कार्रवाई** **कलेक्टर के आदेश पर निगम से भी निर्माण अनुमति रद हो चुकी है**

# द्वारका रेसीडेंसी की टीएनसीपी व नजूल अनुमति भी निरस्त

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सैलाना रोड ओवरब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी में नगर निगम द्वारा निर्माण अनुमति निरस्त करने के बाद मंगलवार को नगर व ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत नक्शा भी निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही राजस्व विभाग से जारी नजूल एनओसी भी रद्द की गई है। इस तरह अब द्वारका रेसीडेंसी की सभी अनुमतियां रद्द हो गई हैं। इनके आधार पर रेरा पंजीयन भी निरस्त कराया जाएगा।

मालूम हो कि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर रेसीडेंसी की आगे की 15276 वर्गफीट शासकीय भूमि को सुरक्षित कर यहां बनी सीसी एप्रोच रोड को निगम अमले ने तोड़ दिया था। कलेक्टर ने 11 अक्टूबर को जारी आदेश में नगर निगम आयुक्त व उप संचालक नगर व ग्राम व निवेश विभाग को विधि अनुसार परीक्षण कर अनुमति निरस्त करने व दोनों विभागों के उन अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का भी आदेश दिया था, जिन्होंने बिल्डर के साथ मिलीभगत कर शासकीय भूमि का रास्ता बताया। पूरे मामले में 15 दिन में प्रतिवेदन देने लिए भी निर्देश दिए गए थे। मामले में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 22 अक्टूबर को निर्माण अनुमति निरस्त कर दी थी। टीएनसीपी से नक्शा निरस्त करने के लिए नजूल एनओसी का निरस्त होना भी जरूरी था, जिसके चलते एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत द्वारा एनओसी रद की गई। इधर द्वारका रेसीडेंसी के संचालक जितेंद्र नागल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर इसी सप्ताह सुनवाई हो सकती है।



सैलाना रोड ओवरब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी। ● फाइल फोटो

### यह है मामला

मालूम हो कि 28 अगस्त को कलेक्टर के निर्देश पर द्वारका रेसीडेंसी के आगे के हिस्से की भूमि पर पोल लगाकर शासकीय भूमि सुरक्षित की गई थी। 11 अक्टूबर को जारी आदेश में कलेव
ने उल्लेख किया कि हैदरी एंड संस
नाम रकबा 0.780 हेक्टयर भूमिस्व
स्वत्व की दर्ज थी। आवेदक को स
की भूमि में ही एप्रोच रोड का निम
करना था। इसी भूमि पर उच्च न्याया
खण्डपीठ इंदौर के आदेश से स्वमि
मिला था, लेकिन नगर निगम त
नगर एवं ग्राम निवेश के अधिकारि
के साथ दुरभिसंधि कर शासकीय भ
को रास्ता बताकर अनुमति प्राप्त
गई। 15276 वर्गफीट भूमि का बा
मूल्य तीन करोड़ से अधिक है। डेवल
को फायदा पहुंचाने के लिए कति
अधिकारियों द्वारा यह कार्य किया ग
आयुक्त नगर निगम तथा उप संचाल
नगर तथा ग्राम निवेश अनुमति
परीक्षण कर विधि अनुसार निरस्त व
की कार्रवाई करें।

नई.

नईदुनिया 27/10/21

बाजारों में त्योहार के समय होती है आम जनता को खासी परेशानी, पैदल चलने तक नहीं मिलती जगह

# ये है माणकचौक...सड़क पर आ जाती है दुकानें

पत्रिका सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर के हृदय स्थल माणकचौक और इससे जुड़े बाजारों में त्योहारों की रौनक साफ दिखाई देने लगी है। इसके साथ ही इन बाजारों में खरीदारी करने वालों की परेशानी भी कई गुना बढ़ गई है। हालत यह है कि दुकानें असल दुकानों से चार-पांच फीट बाहर निकलकर सड़कों पर आ गई तो पैदल चलने वालों के लिए जगह भी नहीं बची है। ऐसे में कोई चार पहिया या दो पहिया वाहन लेकर इन क्षेत्रों में खरीदारी करने जाए तो कैसे।

**माणकचौक का नजारा-** माणकचौक में हर तरह की दुकानें हैं और इन पर हर दिन हजारों ग्राहक खरीदारी करने पहुंचते हैं। इस समय तो भीड़ दो गुने से ज्यादा हो गई है। आम दिनों में ही इधर से निकलना मुश्किल है तो फिर त्योहारों के समय की स्थिति को आसानी से समझा जा सकता है। दुकानदार अपनी दुकान के दायरे से बाहर निकलकर सड़कों पर ही सामान रख रहे हैं तो फुटपाथ पर सामान बेचने वालों की वजह से वाहन तक ले जाना मुश्किल हो गया है। खासकर महालक्ष्मी मंदिर के सामने, माणकचौक पुलिस थाने के सामने की बात हो या फिर पुड़ीवाले बा साब की दुकान वाली लाइन की। हर जगह एक ही परेशानी।

## नौलाईपुरा का नजारा

पत्रिका।

दोपहर से लेकर रात तक इस क्षेत्र में पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। इस समय इतनी भीड़ खरीदारों की आ रही है कि उधर से निकलना मुश्किल है। यहां ज्यादार कपड़ों की दुकानें हैं और दुकानों के सामने पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं होने और ऊपर से दुकान का सामान सड़कों तक आने से 20-25 फीट चौड़ी सड़क दिन में मात्र दस फीट की रह जाती है। त्योहारों के समय तो यहां की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। क्षेत्र में थाना भी कुछ कदम की दूरी पर है लेकिन किसी भी दुकानदार पर कोई अंकुश नहीं है।

पत्रिका 27/10/21

# आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक

## जनसुनवाई में 65 आवेदकों ने अपने आवेदन दिए

प्रसारण न्यूज • रतलाम



प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 65 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए। जनसुनवाई में आवास आवंटन, भूमि पंजीयन, शिक्षा शुल्क में रियायत, सीमांकन आदि बिंदुओं से संबंधित आवेदन दिए गए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के समक्ष पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए।

एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है । एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए।

प्रसारण

## तत्काल आर्थिक सहायता देने

जनसुनवाई के दौरान बरगुंडों का वास निवासी भारती पति पूनमचंद ने अपना आवेदन देते
स्वर्गवास कोरोना काल में हो गया है। पति की मृत्यु के बाद परिवार में कमाई का कोई साधन
नियमानुसार अभी तक आर्थिक सहायता भी प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का गुज़ारा मुश्किल से
को निर्देशित किया कि उक्त आर्थिक सहायता के प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित
माध्यम से दस हज़ार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएं। इसी प्रकार एक अन्य आवे
ने अपने पुत्र के मेडिकल अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने
उपलब्ध नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावित
रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पवन कुम
आवेदन देते हुए बताया गया कि रतलाम नगर में रचना हाउसिंग फर्म के उपक्रम सम्यक लै
भूखंड आवंटन हेतु संपूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके बाद भी कॉलोनाइजर
किए जा रहे हैं एवं रजिस्ट्री भी नहीं की जा रही है। दिनोंदिन निर्माण लागत बढ़ने से आर्थिक
प्रकरणों के निराकरण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। रतलाम निवासी मोहनलाल
बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 22 एवं 23 मई 2021 को निश्चित हुआ था। विवाह के लिए
धर्मशाला में अपनी बुकिंग करवाई थी और बुकिंग के साथ अग्रिम राशि 28 हज़ार रूपए भी
के कारण उक्त विवाह समारोह नहीं हो सका। इसके बाद धर्मशाला प्रबंधक द्वारा उनकी अ
रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान
लेकर उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश

प्रसारण 27/10/21

**सबक** • सरकारी जमीन को सड़क बताकर धोखे से निर्माण परमिशन लेने पर कार्रवाई

# द्वारका की नजूल एनओसी और टीएंडसीपी का नक्शा भी निरस्त, अब बारी रेरा रजिस्ट्रेशन की

## धोखे की द्वारका रेजीडेंसी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राम मंदिर के सामने बन रही द्वारका रेजीडेंसी का हाल 25 साल से वीरान पड़े राजीव गांधी सिविक सेंटर जैसा हो सकता है। मंगलवार को पहले नजूल ने एनओसी निरस्त की, इसके बाद टीएंडसीपी ने तत्काल स्वीकृत नक्शा रद्द कर दिया। एक साथ हुई इस दोहरी कार्रवाई ने बिल्डर जितेंद्र नागल और अन्य पार्टनर को संकट में ला दिया है। नगर निगम 22 अक्टूबर को निर्माण अनुमति निरस्त कर चुका है। सोमवार को टीएंडसीपी के उपसंचालक जेएल वर्मा ने बिल्डर की सुनवाई की थी। इसके बाद मंगलवार को मंजूर नक्शे को निरस्त करने के आदेश निकाल दिए। तीनों प्रमुख परमिशन निरस्त होने से द्वारका रेजीडेंसी का पूरी तरह डूबना यानी भेंट द्वारका बनना तय माना जा रहा है।

## जिस सरकारी जमीन पर सड़क बना ली थी उसकी बाजार कीमत 3 करोड़ रुपए है



जिला प्रशासन सरकारी जमीन पर बनाई गई सीसी सड़क को तोड़ चुकी है।

### दोनों परमिशन निरस्त होने के आधार

- 11 अक्टूबर को कलेक्टर न्यायालय ने जो आदेश जारी किए थे, उसमें साफ लिखा है कि सर्वे क्रमांक 43/1 की 15276 वर्गफीट भूमि बिल्डर जितेंद्र नागल के स्वामित्व की नहीं है, न सरकारी सड़क के रूप में दर्ज है।
- टीएंडसीपी ने नजूल एनओसी के आधार पर नक्शा स्वीकृत किया था, उसके निरस्त होने पर नक्शा भी निरस्त कर दिया।
- राजस्व रिकॉर्ड में पूरी जमीन सरकारी होकर शासन के अधीन है, जिसका बाजार मूल्य 3 करोड़ रुपए से अधिक है।

### बिल्डर फिर कोर्ट में

अब बारी रेरा (भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण) रजिस्ट्रेशन की है। वह रद्द हो सकता है। प्रशासन ने रेरा को प्रतिवेदन भेज दिया है। बिल्डर ने हाईकोर्ट में फिर से याचिका दायर कर दी है। उस पर 28 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### यह है मामला

सर्वे नंबर 43/1131 और चेतक ब्रिज के बीच 15276 वर्ग सरकारी जमीन है। 8950 वर्गफीट पर द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने बिना अनुमति सीसी कर दिया था। 29 अगस्त को कलेक्टर के आदेश पर नगर निगम और राजस्व अमले ने जाली लगा भूमि सुरक्षित कर ली है।

### अनुमति निरस्त कर दी है

*टीएंडसीपी ने नजूल एनओसी में उल्लेखित चतुर्सीमा के आधार पर नक्शा स्वीकृत किया था। चूंकि नजूल की एनओसी निरस्त हो गई है, तो हमने भी अनुमति निरस्त कर दी। आगे की कार्रवाई जिला प्रशासन करेगा।*

**जीएम वर्मा**, उपसंचालक टीएंडसीपी

### भास्कर इश्यू



20 अक्टूबर को प्रकाशित खबर

भास्कर

दै. भास्कर 27/10/21

पत्रिका

अब नगर एवं ग्राम निवेश विभाग ने लिया एक्शन

# द्वारका पर एक और प्रहार, नक्शा-एनओसी निरस्त, चौतरफा जांच में फंसी रेसीडेंसी

मनमर्जी का निर्माण

द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला

## सोमवार को सुनवाई के बाद लिया निर्णय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर के सैलाना रोड पर निर्मित द्वारका रेसीडेंसी पर एक और प्रहार हुआ है। अब नगर एवं ग्राम निवेश विभाग (टीएंडसीपी) ने सोमवार को सुनवाई एवं दस्तावेजी सत्यापन की प्रक्रिया के बाद मंगलवार को नक्शा तथा पूर्व में जारी एनओसी को निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया। अब रेसीडेंसी पर चौतरफा जांच व कार्रवाई का शिकंजा कस गया है। सरकारी भूमि को कब्जे में लेकर शुरू की गई गड़बड़ी की लगातार गाज ने रेसीडेंसी की नींव को हिला दिया है। हालांकि बिल्डर अब भी रास्ता तलाशने की जुगाड़ में है।

रतलाम शहर के चेतक ब्रिज के करीब सैलाना रोड पर बनी द्वारका रेसीडेंसी के संचालकों को मंगलवार को फिर झटका लगा। नगर व ग्राम निवेश विभाग ने सोमवार को हुई सुनवाई के बाद मंगलवार को बिल्डिंग के लिए पूर्व में जारी किए गए नक्शे व एनओसी की मंजूरी को निरस्त कर दिया। इसके पूर्व नगर निगम ने 21 अक्टूबर को दी गई मंजूरी को निरस्त किया था। टीएंडसीपी ने 21 सितंबर 2019 को द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण के लिए अपनी तरफ से नक्शे से लेकर अन्य मंजूरी को जारी किया था। इसके पूर्व 25 मई 2019 को भवन निर्माण की मंजूरी व 14 अक्टूबर 2019 को अनापत्ती प्रमाण पत्र जारी किया गया था। इसके बाद सर्वे नंबर 43/1131 में कुल रकबा 8401.49 वर्गमीटर भूमि पर निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी। इस बीच द्वारका रेसीडेंसी संचालक ने पूर्व दिशा में सरकारी 15276 वर्गमीटर भूमि को आम रास्ता बताकर अपने फ्लैट व दुकानों की बिक्री करना 2021 में शुरू किया। जब यह सब शुरू हुआ, इसी बीच कलेक्टर को शिकायम मिली की, द्वारका रेसीडेंसी संचालक द्वारा जिस सरकारी भूमि को आम रास्ता बताया जा रहा है, वो सरकारी रिकॉर्ड में शासकीय भूमि है। इतना ही नहीं, द्वारका रेसीडेंसी ने अपने स्वामित्व की भूमि का नामांतरण भी नगर निगम में नहीं करवाया है। इसके बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच प्रक्रिया शुरू की व अधिकारियों का दल बनाया।

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

### सत्यापन के बाद प्रक्रिया

जांच टीम में टीएंडसीपी के अधिकारियों के साथ नगर निगम आयुक्त, शहर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी आदि को रखा गया। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में साफ उल्लेख किया कि द्वारका रेसीडेंसी संचालक ने 15276 वर्गमीटर में से करीब 8 हजार से अधिक वर्गमीटर की सरकारी भूमि पर कब्जा करके अवैध निर्माण किया है। शासकीय भूमि पर किया गया निर्माण गलत है। इसके बाद निगम के अमले ने जाकर सरकारी भूमि पर किए गए निर्माण को तोड़ा व प्रशासन ने करीब 3 करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी भूमि को 29 अगस्त को अपने कब्जे में लिया।

### निगम भी कर चुका है अनुमतियां निरस्त

इस बीच द्वारका रेसीडेंसी संचालक मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में गया, जहां उसे पहले कलेक्टर कोर्ट में जाने को कहा गया। अक्टूबर माह में ही कलेक्टर कोर्ट ने अपना निर्णय देते हुए द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण में सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को गलत बताया व नगर निगम व टीएंडसीपी से मंजूरी निरस्त करने को कहा। कलेक्टर कोर्ट के आदेश के बाद 21 अक्टूबर के पूर्व द्वारका रेसीडेंसी संचालक की सुनवाई नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के सामने हुई। 21 अक्टूबर को निगम आयुक्त ने निर्णय देते हुए द्वारका रेसीडेंसी की सभी मंजूरी को निरस्त कर दिया।

टीएंडसीपी याने की टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने सोमवार को पूरे मामले में सुनवाई की। करीब डेढ़ घंटे तक चली सुनवाई में द्वारका रेसीडेंसी संचालक ने इस बात को भी रेखांकित किया की वो उच्च न्यायालय पहुंच गया है। इसके बाद अपना निर्णय सोमवार को विभाग ने सुरक्षित रखा था।

### प्रशासन ने लगाई केविएट

इसके पूर्व नगर निगम ने 21 अक्टूबर को दी गई मंजूरी को निरस्त किया था। इधर दूसरी तरफ प्रशासन ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में केविएट लगा दी है। इसमे कहा गया है कि बगैर प्रशासन का पक्ष सुने किसी प्रकार का निर्णय नहीं दिया जाए। केविएट के बाद अब द्वारका रेसीडेंसी संचालकों के पक्ष में निर्णय तुरंत नहीं आ सकता है। इधर दूसर तरफ नगर निगम ने गलत जानकारी देकर मंजूरी लेने के मामले में द्वारका रेसीडेंसी के सभी पार्टनर के खिलाफ एफआइआर की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

### कर दी मंजूरी निरस्त

सोमवार को द्वारका रेसीडेंसी के संचालक की सुनवाई थी। सभी दस्तावेज का अध्ययन कर लिया गया है। द्वारका रेसीडेंसी को पूर्व में जारी नक्शा की मंजूरी व अनापत्ती प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया है।

**- जीएल वर्मा**, प्रभारी अधिकारी, टीएंडसीपी

पत्रिका 27/10/21

# जनसुनवाई में आवास आंवटन, भूमि सीमांकन सहित अन्य आवेदन

रतलाम। प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 65 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आवेदकों

## ▶ 65 आवेदकों ने दिए आवेदन

की समस्याओं को सुनते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए। जनसुनवाई में आवास आवंटन, भूमि पंजीयन, शिक्षा शुल्क में रियायत, सीमांकन आदि बिंदुओं से संबंधित आवेदन दिए गए।



रतलाम निवासी मोहनलाल पालीवाल ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 22 एवं 23 मई 2021 को निश्चित हुआ था। विवाह के लिए उन्होंने कसारा बाजार स्थित धर्मशाला में अपनी बुकिंग करवाई थी और बुकिंग के साथ अग्रिम राशि 28 हजार रुपए भी जमा करवाए थे। कोरोना प्रोटोकाल के कारण उक्त विवाह समारोह नहीं हो सका। इसके बाद धर्मशाला प्रबंधक द्वारा उनकी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से अपने आवेदन लेकर उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के समक्ष पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए। एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए। नवभारत

## कलेक्टर ने पालेश को ट्रायसिकल पर बैठाया तो उसका चेहरा खिल उठा



जिले की पिपलोदा तहसील के ग्राम सुजापुर निवासी पालेश पिता वेलजी दिव्यांग हैं। उन्हें चलने के लिए बैसाखियों का सहारा लेना पड़ता है। वे अपनी परेशानियों को बताने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के पास पहुंचे। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने उनकी पीड़ा को सुना और उन्हें तत्काल ट्राईसाईकिल प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग मनीषा वास्कले ने तत्काल ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाई। पालेश ट्रायसिकल पर सवार हुआ तो उसका चेहरा खिल उठा।

नवभारत 27/10/21

# रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाने का अनुरोध



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन देते हुए महासंघ पदाधिकारी। ● नईदुनिया

**रतलाम।** रतलाम जिला व्यापारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल राठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि भारत वर्ष का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली चार नवंबर को है। यह त्योहार सभी वर्ग के लोग श्रद्धा व विश्वास से मनाते आ रहे हैं। बीते दो वर्ष से कोरोना काल में आमजन, मध्यम वर्गीय व्यापारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। अब सबकी उम्मीद दीपावली के त्योहार पर टिकी हुई है। हर वर्ग व व्यापारी रात्रि को अपने मकान-दुकानों की साफ-सफाई, रंगरोगन करते हैं, लेकिन रात 11 से सुबह छह बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू से हर वर्ग परेशान हैं। कलेक्टर से त्योहार के समय रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाने का अनुरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल में शांतिलाल उपाध्याय, आशीष मित्तल, रमेश चौईथानी, राजेंद्रसिंह गोयल, महेश बाहेती आदि उपस्थित थे।

### सद्बुद्धि हवन में दी आहुतियां

**रतलाम।** केंद्र सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए आम आदमी पार्टी मप्र द्वारा श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया। इसमें सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गई। जिला संयोजक राधेश्याम मेहता, समाजवादी पार्टी के मालवा-निमाड़ प्रभारी राधेश्याम पंवार, किन्नर काजल जागीरदार, रमेश शर्मा, बाबू बंजारा, अमृत, मोहन चौरासी, रामभरोसे यादव आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 27/10/21

# रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाने के लिए व्यापारी कलेक्टर से मिले

## कलेक्टर ने रात 12.30 बजे तक का आश्वासन दिया

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

सबसे बड़े पर्व दीपावली को देखते हुए रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाया जाए या उसमें ढील दी जाए। ताकि व्यापारी अपनी दुकानों की साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ ही अन्य कार्य निपटा सके।



कलेक्टर से चर्चा करते जिला व्यापारी महासंघ पदाधिकारी

यह मांग जिला व्यापारी महासंघ द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से की। मंगलवार को महासंघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल राठी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने कलेक्टर से चर्चा करते हुए बताया कि दीपावली पर्व सभी वर्ग के लोग श्रद्धा व विश्वास से मनाते आ रहे हैं। महामारी के चलते पिछले दो सालों से आमजन मध्यमवर्गीय व्यापारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस मर्तबा सभी की उम्मीद पर्व पर टिकी है। हर वर्ग व व्यापारी रात को अपने मकान व दुकानों की साफ-सफाई तथा रंग रोगन करते हैं। ऐसे में रात्रिकालीन कर्फ्यू होने से हर वर्ग के लोग परेशान हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कर्फ्यू हटाने या उसमें ढील देने की मांग की। इस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम में कहा कि रात्रिकालीन कर्फ्यू का आदेश मप्र शासन का है। हम उसमें कुछ नहीं कर सकते हैं, लेकिन आप लोगों को रात 12.30 बजे तक कोई परेशान नहीं करेगा।

दै. भास्कर 27/10/21

# पदोन्नति में आरक्षण : केंद्र व राज्य सरकारों की दलीलें पूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली ● 26 अक्टूबर (वा)**

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) को सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने को लेकर दायर याचिकाओं पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले जस्टिस नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनीं।



सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल बलबीर सिंह व अन्य वरिष्ठ वकीलों ने विभिन्न राज्यों की ओर से पक्ष रखा। केंद्र सरकार ने पीठ के समक्ष पहले ही कह दिया था कि यह सच है कि आजादी के करीब 75 वर्ष बाद भी अजा-जजा के लोगों को उस स्तर पर नहीं लाया जा सका है, जहां अगड़ी जातियों के लोग हैं। मामले की सुनवाई कर रही पीठ में जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं। अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल ने कहा कि अजा व जजा वर्ग के लोगों को ग्रुप ए श्रेणी के उच्च पद प्राप्त करना और मुश्किल। अब समय आ गया है जब शीर्ष कोर्ट को अजा, जजा व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के रिक्त पदों का भरने के लिए कुछ ठोस आधार देना चाहिए। पिछली सुनवाई में पीठ ने कहा था कि वह अजा-जजा को प्रमोशन में आरक्षण को लेकर दिए गए अपने पूर्व के फैसले को फिर से नहीं खोलेगी। यह राज्यों पर निर्भर करता है कि वे उस फैसले का किस तरह से पालन करते हैं। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से उन कदमों की जानकारी मांगी थी, जो केंद्रीय नौकरियों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए उठाए गए। पीठ ने सरकार से कहा कि एससी-एसटी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने के लिए साल 2006 के नागराज मामले में संविधान पीठ के फैसले का पालन करने के लिए की गई कवायद की जानकारी उपलब्ध कराए। जस्टिस नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी समुदाय के लिए पदोन्नति में आरक्षण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा कि वह एक इस विवादास्पद मुद्दे पर फैसला करेगी कि आरक्षण नागराज मामले में दिए फैसले के अनुसार, एक समुचित अनुपात या प्रतिनिधित्व की पर्याप्तता के आधार पर होना चाहिए।

### कार्यकर्ता के घर...

मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मोहन गंगराड़े के घर किया। रात्रि में ही उन्होंने परिजनों से चाय पर चर्चा की और चुनाव कार्य में लगे सभी मंत्री एवं पदाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की।

मंगलवार सुबह उठकर कार्यकर्ता के घर की बालकनी में योगा किया। बाद में शिवपुरम कॉलोनी के पार्क में कदम्ब का पौधा रोपा। वहां से वे खंडवा में अवधूत संत दादाजी धूनीवाले की समाधि पर आशीर्वाद लेने पहुंचे। बड़े दादाजी और छोटे दादाजी की समाधि पर नमन कर चादर चढ़ाई और प्रदेश में सुख-समृद्धि के साथ विकास की रफ्तार निरंतर बढ़ती रहे, इस हेतु धूनीमाई में श्रीफल के साथ ही आहुतियां पेश की।

उन्होंने ट्रस्टियों से चर्चा से कहा कि दादाजी का भव्य मंदिर बने, यह हम सब और दादाजी भक्तों की इच्छा है। इसके लिए आप सभी ट्रस्टी गणमान्य नागरिकों के साथ

**प्रथम पृष्ठ के शेष..**

बैठक मंदिर निर्माण की भूमिका तैयार करें। पूजा-पाठ दर्शन के बाद हेलीपेड पहुंचे। उनके साथ जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल, महामंत्री अरुण सिंह मुन्ना, राजेश तिवारी, प्रदेश के मंत्री हरदीपसिंग डंग, विधायक देवेन्द्र वर्मा, सुनील जैन, धर्मेन्द्र बजाज, आशीष चटकले सहित अन्य पदाधिकारी साथ थे।

### मुख्यमंत्री रहते...

यह मैं नहीं कहता बल्कि विधानसभा के पटल पर शिवराज सरकार ने जो आंकड़े रखे हैं वो कहते हैं कम से कम उन्हें तो मत झुठलाओ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार करते हुए कहा कि, जैसे-जैसे पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे नरेंद्र मोदी की दाढ़ी भी बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता की कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि इन उपचुनावों से देश, प्रदेश की कोई सरकार नहीं बदलेगी किंतु पूरे देश में एक संदेश जाएगा कि जनता जाग गई है। कांग्रेस प्रत्याशी राजनारायणसिंह को जिताना है।

स्वदेश

स्वदेश 27/10/21

# जनसुनवाई में आर्थिक कारणों को लेकर आवेदकों की संख्या अधिक

## 65 आवेदकों ने अपनी समस्या कलेक्टर के समक्ष रखी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने 65 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक हल किया जाए।

इन आवेदनों में बरगुंडों का वास निवासी भारती पति पूनमचंद ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति का स्वर्गवास कोरोना काल में हो गया है। पति की मृत्यु के बाद परिवार में कमाई का कोई साधन नहीं रहा है। उन्हें शासन के नियमानुसार अभी तक आर्थिक सहायता भी प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का गुज़ारा मुश्किल हो रहा है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि उक्त आर्थिक सहायता के प्रकरण का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और पीड़िता को रेड क्रॉस के माध्यम से दस हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

पूनम विहार कॉलोनी निवासी सुनीता पति स्वर्णसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है। उनकी दो पुत्रियां, 12 वर्ष की एवं 3 माह की है। पति की प्राइवेट नौकरी थी। पति के जाने के बाद घर में रोजगार का कोई साधन नहीं है। बड़ी मुंश्किल से गुजारा हो रहा है। बड़ी बेटी प्रांजल निजी विद्यालय में पढ़ती है। वहां फीस भरने के लिए दबाव दिया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त बालिका की स्कूल फीस विद्यालय से माफ करवाई जाए।

एक अन्य आवेदन में रेल नगर निवासी सोनू भाटी ने बताया कि कोरोना काल में परिवार की आजीविका का साधन नहीं रहा। उनके तीन बच्चे हैं, जो निजी स्कूल में पढ़ते हैं, एक बच्ची की फीस उन्होंने जमा कर दी है। स्कूल द्वारा दो बच्चियों की फीस भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है । एसएलसी मांगने पर नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय द्वारा एक बालिका की फीस माफ करवाई जाए और एक अन्य बालिका की फीस भरने की व्यवस्था स्थानीय प्रबंध से की जाए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदन में अशोक वर्मा ने अपने पुत्र के मेडिकल अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं हो रहा है । कलेक्टर ने इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही प्रभावित को तत्काल रेडक्रॉस से पंद्रह हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने के निर्देश दिए।

पवन कुमार, सत्येंद्र तिवारी एवं अन्य द्वारा आवेदन देते हुए बताया गया कि रतलाम नगर में रचना हाउसिंग फर्म के उपक्रम सम्यक लैंड मार्क प्लेटिनम वेली महू रोड पर भूखंड आवंटन हेतु संपूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके बाद भी कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी में विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं एवं रजिस्ट्री भी नहीं की जा रही है। दिनोंदिन निर्माण लागत बढ़ने से आर्थिक नुकसान हो रहा है। कलेक्टर ने उक्त प्रकरणों के निराकरण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

मोहनलाल पालीवाल ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री का विवाह 22 एवं 23 मई 2021 को निश्चित हुआ था। विवाह के लिए उन्होंने कसारा बाजार स्थित धर्मशाला में अपनी बुकिंग करवाई थी और बुकिंग के साथ अग्रिम राशि 28 हज़ार रुपए भी जमा करवाए थे । क़ोरोना प्रोटोकाल के कारण उक्त विवाह समारोह नहीं हो सका । इसके बाद धर्मशाला प्रबंधक द्वारा उनकी अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्वदेश 27/10/21